# सहायक उपनिरीक्षक 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## चालान पेश करने तथा दर्ज मामले से लोगों के नाम हटाने की एवज में मांगी थी रिश्वत

**भरतपुर, (निसं)।** आरबीएम पुलिस चौकी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक रामवीर सिंह को 20 हजार की रिश्वत लेते बुधवार को भृष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की भरतपुर टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। यह कार्यवाही परिवादी रामेश्वर जाटव व उसकी बहिन इन्दू की शिकायत पर एसीबी के एएसपी महेश मीणा के नेतृत्व में स्पेशल यूनिट इंचार्ज श्रवण कुमार विश्नोई की टीम ने की। एसीबी टीम द्वारा रामवीर एएसआई के घर एवं अन्य ठिकानों पर भी तलाशी ली गई। पता चला है कि ब्यूरो की कार्यवाही की भनक लगते ही चौकी प्रभारी पुलिस चौकी के एक कमरे में छुप गया और अंदर से कुंडी बन्द कर ली लेकिन ब्यूरो की टीम ने कमरे के दरवाजे को तोड़कर चौकी प्रभारी को कमरे से बाहर निकाला।

ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश मीणा ने बताया कि पुलिस थाना सेवर के धर्मपुरा गाव निवासी परिवादी रामेश्वर जाटव व उसकी बहन इंदु ने ब्यूरो में इस बात की शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी चौकी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक रामवीर सिंह उनके द्वारा पुलिस थाना मथुरागेट में दर्ज कराये गए एक प्रकरण में विरोधी पक्ष के खिलाफ चालान पेश करने तथा परिवादी पक्ष के खिलाफ विरोधी पक्ष की तरफ से दर्ज कराए गए मामले में परिवादी पक्ष के लोगों के नाम निकाल देने की एवज में बतौर रिश्वत 20 हजार रुपयों की मांग की जा रही है। ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मीणा ने बताया कि 30 नवम्बर को शिकायत के सत्यापन के बाद आज आरोपी चौकी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक रामवीर सिंह को रँगे हाथों गिरफ्तार कर उससे रिश्वत की राशि को बरामद कर लिया गया।



आरोपी सहायक उपनिरीक्षक रामवीर सिंह

- **एसीबी की भरतपुर टीम ने कार्रवाई की**

एसीबी टीम कार्यवाही में एएसपी महेश मीणा के अलावा टीएलओ श्रवण कुमार निरीक्षक व रीतराम सिंह एचसी, हरभान सिंह रीडर, विनोद सिंह, सुशील सिंह, रीतेशकुमार, परसराम, दिलीप, सुरेश, देवेन्द्र सिंह सभी कांस्टेबिल, कल्पना कनिष्ठ सहायक मौजूद रहे।

# ट्रक-ट्रेलर की भिड़ंत में दोनों ड्राइवर जिंदा जले

## बीकानेर-सूरतगढ़ हाईवे पर तेज धमाके के साथ वाहनों में लगी आग

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिले के राजियासर में नेशनल हाईवे-62 पर बीकानेर-सूरतगढ़ के बीचट्रक-ट्रेलर में भिड़ंत के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। दोनों वाहनों के ड्राइवर को बचने का मौका नहीं मिला और जिंदा जल गए। हादसे के बाद तेज धमाका हुआ। एक वाहन से क्लीनर कूद गया, जिससे उसकी जान बच गई। बुधवार सुबह 5 बजे श्रीगंगानगर में नेशनल हाईवे-62 पर बीकानेर-सूरतगढ़ के बीच यह हादसा हुआ। राजियासर पुलिस जानकारी जुटा रही है। मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है।

हादसे के समय राजियासर में एनएच के आसपास रहने वाले लोगों की नींद तेज धमाके की आवाज से खुली। लोगों ने देखा तो ट्रक और ट्रेलर भिड़े हुए थे। आग की लपटें उठ रही थीं। लोगों ने वाहन से कुछ दूरी पर एक क्लीनर को देखा। उसकी गंभीर हालत देखते हुए उसे पास के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। हादसे की जानकारी मिलते ही सूरतगढ़ थर्मल पावर स्टेशन और सूरतगढ़ नगर पालिका की फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। इससे पहले आसपास के लोगों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली।

मौके पर पहुंची दोनों फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद सुबह करीब 7 बजे आग पर काबू पाया। जहां हादसा हुआ है, वहां बाजार है। आसपास कई दुकानें हैं। बड़े हादसे की आशंका को देखते हुए ग्रामीणों ने सबसे पहले पानी डालकर डीजल टैंक को बचाया। अगर यह ब्लास्ट करता तो दुकानों को नुकसान होता। ट्रक बीकानेर की ओर से आ रहा था। इसमें गिट्टी (ग्रिट) भरी हुई थी। ट्रेलर खाली था। यह सूरतगढ़ से बीकानेर की तरफ जा रहा था।

## चूरू में सर्दी ने जोर पकड़ा

**चूरू, (कासं)।** चूरू में सर्दी जोर पकड़ने लगी है। आज सवेरे दस बजे तक काफी ठण्ड रही। इस दौरान सूर्य देवता के दर्शन ही दुर्लभ हो गए। लोग दिनभर गर्म वस्त्रों से लदे रहे। बाजार भी देर से खुले और शाम ढलने के साथ ही व्यापारी लोग अपने घरों में चले गए। मौसम विभाग के अनुसार चूरू में आज न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस व अधिकतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। रात्रि के समय यहां कड़ाके की ठण्ड रही। रात को सफर करने वाले गर्म कपड़ों से लदकर ही घर से रवाना हुए।

# सीमा सुरक्षा बल हुई 57 साल की

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) बुधवार को 57 साल का हो गया। सीमा सुरक्षा बल में जोश और जुनून भरपूर है। 1 दिसंबर को अपना 57 वां स्थापना दिवस सीमा सुरक्षा बल मना रही है। जैसलमेर से लगती राजस्थान फ्रंटियर की 471 किलोमीटर लंबी भारत-पाकिस्तान सीमा पर सीमा सुरक्षा बल देश की सीमा पर 122 चौकियों की निगरानी करती है। रात और दिन भारत की सीमा को दुश्मनों की निगाहों से महफूज रखती है।

जैसलमेर के रेतीले धोरों पर गर्मियों में तापमान 50 डिग्री से पार और सर्दियों में जीरो डिग्री से नीचे चला आता है। बावजूद इसके सीमा पर जवान मुस्तैदी से डटे रहते हैं। भारत-पाकिस्तान की सबसे लंबी इंटरनेशनल बॉर्डर जैसलमेर से लगता है। इस बॉर्डर की लंबाई 471 किलोमीटर के करीब है। पहला बॉर्डर पोस्ट फतूवाला और आखिरी बॉर्डर पोस्ट रायथनवाला है। 1965 में स्थापना के बाद 1971 में युद्ध के के समय सेना के साथ सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने भी कंधे से कंधा मिलाते हुए दुश्मनों के दांत खट्टे किए।

- **122 चौकियों से देश की निगरानी करता है सीमा सुरक्षा बल**

जैसलमेर की रेतीली धरती पर सीमा सुरक्षा बल भीषण गर्मी में लू के थपेड़ों को भी झेलती है। सरहद पर गर्मियों में तापमान जब 50 डिग्री से भी ऊपर चला जाता है, उस दौरान भी ये जवान तेज अंधड़ में भी मजबूती के साथ सरहद पर नजर आते हैं। सर्दियों में जब इस रेत पर शीतलहर चलती है, तब तापमान जीरो डिग्री से भी नीचे चला जाता है। ऐसी विपरीत परिस्थितियों में भी सीमा सुरक्षा बल का जवान सरहद की सुरक्षा में कोई चूक नहीं करता।

# कोरोना के नये वैरिएंट ओमिक्रोन को लेकर चिकित्सा विभाग अलर्ट

**टोंक, (निसं)।** टोंक जिला काफी समय से कोरोना मुक्त है जो कि जिले के लिये सुखद है, लेकिन जिस तरह से कोरोना के नये वैरिएंट ने कई देशों में दस्तक देते हुए लोगों को सक्रंमित किया है, उससे फिर एक बार चिंता बढ गई है। जिला प्रशासन के साथ स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट मोड पर रह कर पूर्व की भांति कार्य करना प्रारंम्भ कर दिया है। सक्रंमित मिलने पर उनके इलाज को लेकर पूर्व में की गई तैयारियों को तो पुनर्व्यवस्थित किया जा रहा है, साथ ही आम जनता से कोविड-19 वैक्सीनेशन कराने की अपील की है।

सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार यादव एवं डिप्टी सीएमएचओ डॉ. महबूब खान ने बताया कि जिले में प्रतिदिन सैम्पलिंग को बढ़ाया जा रहा है, जिससे कि अगर कोई व्यक्ति कोरोना से सक्रंमित पाया जाता है तो स्वास्थय विभाग द्वारा तुरंत कार्य करते हुए उसे स्वास्थ्य लाभ दिया जा सके व स्थिति पर नियन्त्रण किया जा सकें। जिले माह नवम्बर में लगभग 10 हजार 375 सेम्पल लिये हैं। जिले में मंगलवार को 735 लोगों की सैंपलिग की गई, जिसमें आरटीपीसीआर के लगभग 500 व रेपिड एंटीजन टेस्ट के लगभग 235 सैम्पल लिये गयें। इसी प्रकार रोज औसतन रैण्डम 500 सैम्पलिंग व संस्थानों पर 200 सैम्पलिंग की जा रही है। नये वैरिएंट से आमजन को सुरक्षित रखने के लिये नई रणनीतियों का निर्माण कर कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत शैक्षणिक संस्थानों मे निरंतर रैडम सैंपलिग शुरू कर दी गई है।

- **स्कूलों में पहुंची टीम, वैक्सीनेशन और सैंपलिंग बढ़ाई**
- **पूर्व में की तैयारियों को व्यवस्थित किया जा रहा है**

## विवाहिता की संदिग्ध मौत, मामला दर्ज

**मालपुरा, (निसं)।** लाम्बाहरिसिंह कस्बे में मोरला रोड स्थित एक मकान में विवाहिता की हुई संदिग्ध पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में ले अस्पताल की मोर्चरी में रखवा कर पीहर पक्ष को सूचना दी।

सूचना पर पहुंचे मृतका के पिता गोपाल प्रजापत निवासी कुराड ने अपनी बेटी की हुई संदिग्ध मौत पर दामाद दिनेश प्रजापत के विरूद्ध मारपीट व प्रताड़ना का नामजद मामला दर्ज करवाते हुए अवगत करवाया कि उसकी बेटी कंचन का विवाह लाम्बाहरिसिंह निवासी दिनेश पुत्र कजोड प्रजापत के साथ सामाजित रितीरिवाज से सम्पन्न हुआ था शादी के कुछ दिनों के बाद से ही दिनेश शराब पीकर कंचन के साथ मारपीट कर प्रताड़ित करता था। 25 नवम्बर को कंचन ने एक पड़ौसी के मोबाइल से भाई जीतराम को दूरभाष पर अपनी पीड़ा बया की तथा 30 नवम्बर की रात को दूरभाष पर उसे बेटी की मौत की सूचना दी। पुलिस ने पिता की दी रिपोर्ट पर दिनेश के विरूद्ध नामजद मामला दर्ज कर मेडिकल बोर्ड से विवाहिता का पोस्टमार्टम करवा शव पिता को सुपुर्द किया।

# पुलिस पहरे में निकली दलित दूल्हे की निकासी

## घोड़ी पर बैठने के लिए पुलिस से मांगी थी मदद

**पावटा, (निसं)।** निकटवर्ती विराटनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा के गांव सूरजपुरा में बुधवार की शाम को एक दलित दूल्हे की निकासी पुलिस कि कड़ी सुरक्षा के बीच निकाली गई। गांव में दलित दूल्हे के घोड़ी पर बैठने को लेकर तनाव की आशंका के चलते, दूल्हे के परिवार की ओर से लगाई गुहार के बाद गांव में भारी सुरक्षा पहरा लगाया गया। पुलिस सुरक्षा में निकासी शांतिपूर्ण तरीके से निकली।

- **सूरजपुरा गांव दूसरी बार छावनी में तब्दील**

सूरजपुरा निवासी सुनील वर्मा ने अपने छोटे भाई संजय वर्मा की शादी शांतिपूर्वक सपन्न करवाने हेतु स्थानीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखकर सुरक्षा की गुहार लगाई थी। वहीं यहां दलित परिवार की ओर से दूल्हे के घोडी पर बैठकर निकासी निकालने पर निकासी में रूकावट पैदा करने की आशंका जताई गई थी। इसके बाद जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण मनीष अग्रवाल की निगरानी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली सुमित गुप्ता के निर्देशन में वृत्ताधिकारी वृत्त कोटपुतली ईश्वर सिंह, वृत्ताधिकारी वृत्त शाहपुरा सुरेंद्र कृष्णिया केके नेतृत्व में विराटनगर, प्रागपुरा, शाहपुरा, कोटपुतली, सरुंड, भाबरू सहित अन्य पुलिस थानों से भारी पुलिस जाप्ता सूरजपुरा पहुंचा। वहीं दलित दूल्हे की निकासी निकालने को लेकर पुलिस प्रशासन ने गांव के सभी रास्ते सील कर दिए गए।



सूरजपुरा गांव में दलित दूल्हे की निकासी पुलिस सुरक्षा के बीच निकाली।

गौरतलब है कि ग्राम सूरजपुरा में ऐसा दूसरी बार हुआ है जब दूल्हे की निकासी पुलिस सुरक्षा में निकाली गई। इससे पहले करीब 1 वर्ष पूर्व भी एक दलित दूल्हे के परिजनों ने शादी की बिंदोरी व निकासी में घोडी पर बैठने के लिए पुलिस सुरक्षा की मांग की थी। तब भी पुलिस का जाब्ता तैनात किया गया था।

## बघेरे ने बछड़े का शिकार किया, ग्रामीणों में भय

**निवाई, (निसं)।** गांव बस्सी में मंगलवार की देर रात को बघेरे ने गाय के एक बछड़े का शिकार किया जिससे ग्रामीणों में भय व्याप्त है।

ग्रामीणों ने गाय के बछड़े के शिकार की सूचना वन विभाग के कर्मचारियों को दी। जिसके बाद वन कार्मिक मौके पर पहुंचे। आशाराम कावर, लेखराज कसाणा, हेमराज गुर्जर ने बताया कि बीती रात को गांव बस्सी में बहड रोड से जाने वाले रास्तें पर एक आवारा गाय के बछड़े का बघेरे ने शिकार कर दिया। उन्होंने बताया कि बस्सी क्षेत्र में अब तक करीब 25 पशुओं का बघेरा शिकार कर चुका है। पिछले वर्ष भी सर्दी के मौसम में बघेरे ने पालतू जानवरों का शिकार किया था। वापस बघेरे के बस्सी क्षेत्र में शिकार करने से रात में खेतों पर रखवाली करने करने वाले किसानों में भय है। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग के गार्ड मौके पर पहुंचे और बघेरे के पदचिन्ह देखे लेकिन वहां मौके पर सख्त मिट्टी होने से पदचिन्ह नहीं मिले।

- **बघेरा 25 पशुओं का शिकार कर चुका है**

# पावटा उपखंड में नहीं है फायर बिग्रेड, आगजनी पर कैसे पाए काबू?

**पावटा, (निसं)।** उपखंड पावटा बनने के बाद भी दमकल नहीं होने से अग्निकांड के समय पावटा कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र की आबादी को परेशानी भुगतनी पड़ रही है। दमकल की व्यवस्था नहीं होने से आगजनी होने पर ग्रामीण स्वयं के स्तर पर ही आग पर काबू पाते हैं हालांकि तब तक काफी नुकसान हो जाता है।

पावटा तहसील के अंतर्गत कई गांव जुड़े होने के बाद भी दमकल की व्यवस्था नहीं है। जिससे गांवों में आए दिन होने वाली आगजनी की घटनाओं में दमकल को बहरोड, कोटपुतली, शाहपुरा से बुलाया जाता है और जब तक दमकल घटना स्थल पहुंचती है तब तक आग अपनी कार्य कर चुकी होती है और पीड़ित लाखों का नुकसान झेल चुका होता है। कस्बे के लोगों का कहना है कि पावटा व आस पास के क्षेत्रों में आग लग जाने पर 16-25 किमी दूर कोटपुतली बहरोड या शाहपुरा से दमकल की गाडी आती हैं। क्षेत्र में एक के बाद एक आगजनी की कई घटनाएं हो चुकी हैं। वही बहरोड, कोटपुतली, शाहपुरा से दूरी होने के कारण समय पर दमकल नहीं पहुंचने के कारण लाखों करोडो का नुकसान पीडितों को हो चुका है।

- **दूसरे स्थान से जब तक दमकल पहुंचती है तब तक सब कुछ हो जाता है स्वाहा**
- **क्षेत्र में आगजनी की कई घटनाएं हुई है**

तहसील में 2011 के आंकडों के अनुसार 79 गांवों में 1 लाख 80 हजार 785 की आबादी है। तहसील से गांवों की अधिकतम दूरी 10-15 किलोमीटर है। आग लगने पर 16-26 किलोमीटर दूर कोटपुतली, शाहपुरा से आती है सूचना के बाद भी पावटा तक दमकल को पहुंचने में काफी समय लगता है। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## पूरक परीक्षा का परिणाम किया

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने वर्ष 2021 की पूरक परीक्षाओं का परिणाम बुधवार सायं जारी कर दिया। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ डी पी जारोली ने बताया कि वर्ष 2021 की पूरक परीक्षाओं के लिए कुल 2285 परीक्षार्थी परीक्षा के लिए पंजीकृत किए गए थे ,जिनमें से 618 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। कुल 498 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए है।

सेकेंडरी परीक्षा का परिणाम 60.94 , सीनियर सेकेंडरी परीक्षा का परिणाम 85.66 और मूकबधिर एवं वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। यह परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि जो परीक्षार्थी अपनी उत्तर पुस्तिका की संवीक्षा उपरांत उसकी स्कैन प्रति प्राप्त करना चाहते हैं कराना चाहते हैं।

# सीएफसीएल को सर्वाधिक पांच श्रेणियों में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया

**कोटा, (निसं)।** चम्बल फर्टिलाइजर एंड केमिकल्स लिमिटेड गडेपान को हाल ही में फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित वार्षिक राष्ट्रीय सेमीनार में पांच श्रेणियों में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कंपनी को यह पुरस्कार पर्यावरण संरक्षण, तकनीकी नवाचार, सर्वश्रेष्ठ उत्पादन, उत्कृष्ट सुरक्षा एवं बेस्ट वीडियो फिल्म श्रेणी में दिया गया। कंपनी द्वारा किसी भी एफ.ए.आई वार्षिक राष्ट्रीय सेमीनार में जीते गए ये सर्वाधिक पुरस्कार हैं।

इंडिया हैबिटैट सेंटर नई दिल्ली में आयोजित समारोह में यह पुरस्कार कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग के सचिव और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉक्टर त्रिलोचन महापात्र एवं एफ.ए.आई के महानिदेशक सतीश चन्दर ने कंपनी के अधिकारी अजय तायल, एवीपी-मेंटेनेंस, संजय अग्रवाल, डीजीएम-फायर एंड सेफ्टी, अमित गोयल, सीनियर मैनेजर-प्रोसेस, विपुल माथुर, डीजीएम-यूरिया, डॉ नरेश प्रसाद, डीजीएम-मार्केट डेवलपमेंट। इस मौके पर गौरव माथुर-प्रबंध निदेशक, चम्बल फर्टिलाइजर ने भी अपनी उपस्थिति से टीम को प्रोत्साहित किया।

कंपनी द्वारा प्लांट में किये जा रहे सतत उत्पादन के प्रयासों के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि रही क्योंकि प्लांट की स्थापना से ही कंपनी पर्यावरण संरक्षण, सेफ्टी एवं उत्कृष्ट तकनीक के लिए प्रतिबद्ध रही है। कंपनी द्वारा निर्मित वीडियो फिल्म स्वस्थ मृदा स्वस्त जीवन को भी प्रथम पुरस्कार मिला। एफ.ए.आई द्वारा देश में संचालित करीब 25 से भी अधिक उर्वरक संयंत्र में सी.एफ.सी.एल के यूरिया संयंत्रों को इन श्रेणियों में सर्वोच्च आंका। एफएआई की स्थापना मुख्य रूप से उर्वरक निर्माताओं का प्रतिनिधित्व करने के उद्देश्य से 1955 में की गयी थी। सी.एफ.सी.एल ने भारत सरकार एवं राज्य सरकार के सतत उत्पादन के मानक एवं उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए कई उलेखनीय कार्य किये, जिनमें प्रमुख हैं जलसंरक्षण, वनसंरक्षण, वृक्षारोपण, अपशिष्ट निपटान आदि। कंपनी द्वारा सयंत्र के समीप विकसित ग्रीन बेल्ट पर्यावरण संरक्षण के शेत्र में एक उल्लेखनीय एवं प्रशंसनीय उदाहरण है।


राजस्थान सरकार वन विभाग

क्रमांक: प.1 (145) वन/2020 जयपुर दिनांक 6.1.2021

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HoFF)
राजस्थान, जयपुर

विषय: Diversion of 0.6957 ha. Forest land in Jio Digital Fiber Pvt.Ltd. For Laying of Under ground Optical Fiber Cable Along the Road Within the Exiting Row from Kelwara to Karhal District-Baran (Rajasthan) Total Route Length-24.840 km (FP/RJ/OFC/44278/2020)

संदर्भ:- आपका पत्रांक एफ 14 (391/36)2020 /एफसीए/ प्रमुवस/3499 दिनांक 27.11.2020

महोदय,
उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित प्रस्ताव में Jio Digital Fiber Pvt. Limited (प्रयोक्ता अभिकरण) द्वारा वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अर्न्तगत सामान्य स्वीकृति के तहत धारा-2 में OFC Cable Line हेतु 0.6957 हेक्टयर वन भूमि प्रत्यावर्तन की स्वीकृति चाही गई है। नोडल अधिकारी वन संरक्षण अधिनियम द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव पर विचारोपरांत प्रस्ताव पर वन संरक्षक अधिनियम 1980 के अर्न्तगत धारा-2 में सामान्य स्वीकृति बाबत जारी दिशा-निर्देशों एवं नवीन निर्देश दिनांक 27.07.2020 के परिपेक्ष्य में Diversion of 0.6957 ha. Forest land in Jio Digital Fiber Pvt.Ltd. For Laying of Under ground Optical Fiber Cable Along the Road Within the Exiting Row from Kelwara to Karhal District-Baran (Rajasthan) Total Route Length-24.840 km (FP/RJ/OFC/44278/2020) की सैद्धांतिक स्वीकृति बिना वृक्षों के पातन सहित निम्न शर्तो के अध्याधीन प्रदान करती है:-

1. वन भूमि की वैधानिक स्थिति में कोई परिवर्तन नही होगा।
2. प्रत्यावर्तित वन भूमि का उपयोग किसी अन्य प्रयोजन के लिये नहीं किया जावेगा।
3. याचक विभाग द्वारा परियोजना के निर्माण एवं रख रखाव के दौरान आस-पास के क्षेत्र की वनस्पतियों एवं जीव जन्तुओं को किसी प्रकार की क्षति नही पहुचाई जावेगी एवं उनके संरक्षण हेतु समस्त उपाय किये जावेगें।
4. प्रत्यावर्तित क्षेत्र में रोपित किये जाने वाले वृक्षों को वन विभाग की बिना पुर्वानुमति के नहीं काटा जावे। उक्त क्षेत्र में रोपित पेड परिपक्व होने पर, वन विभाग के होगें।
5. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तावित स्थल/वनक्षेत्र के आस-पास मजदुरों/स्टाफ के लिए किसी भी प्रकार का कैम्प नही लगाया जावेगा।
6. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा निर्माण कार्य के दौरान स्थल पर कार्यरत मजदूरों/ स्टाफ को रसोई गैस/ केरोसिन तेल आपूर्ति की जावेगी, ताकि निकटवर्ती वनों को क्षति न हो।
7. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तावित वनभूमि के अतिरिक्त आस-पास की वनभूमि से/पर निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी/पत्थर काटने या भरने का कार्य नहीं किया जावेगा।
8. प्रयोक्ता अभिकरण वर्तमान एवं भविष्य में योजना पर लागू सभी नियम, कानून तथा दिशा निर्देशो का पालन करेगा।
9. प्रयोक्ता अभिकरण, सैद्धान्तिक स्वीकृति की पालना के साथ एफ.आर.ए.सटिर्फिकेट प्रस्तुत करावेगा। तदोपरान्त ही विधिवत स्वीकृति पर विचार किया जावेगा।
10. राज्य सरकार द्वारा दी गई इस अनुमति का प्रबोधन संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जा सकेगा।
11. भारत सरकार के पत्रांक 7-23/2012/एफसी दिनांक 24.07.2013 से माननीय ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा दिनांक 7.11.2012 को पारित निर्णय की पालना प्रकरण में सुनिश्चित की जावें तथा प्रकरण में जारी स्वीकृति को यूजर एजेंसी हिन्दी एवं अंग्रेजी में प्रकाशित होने वाले एक-एक समाचार पत्र में अक्षरश: प्रकाशित करावें एवं जारी स्वीकृति की प्रतियां स्थानीय निकाय, पंचायत एवं नगरपालिका के राजकीय अधिकारीयों को स्वीकृति प्राप्ति के 30 दिन के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय, (पी.एस.बिश्नोई) संयुक्त शासन सचिव


# तीन दिवसीय कुंभलगढ़ महोत्सव का रंगारंग आगाज

## संभागीय आयुक्त व जिला कलेक्टर ने विधिवत शुभारंभ किया

**राजसमंद, (निसं)।** ऐतिहासिक कुंभलगढ दुर्ग परिसर में तीन दिवसीय कुंभलगढ महोत्सव का आगाज रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। प्रारंभ में उदयपुर संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट, जिला कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल व पर्यटन उप निदेशक शिखा सक्सेना ने महाराणा कुंभा की छवि के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया तथा संभागीय आयुक्त ने ढोल की थाप बजाकर महोत्सव का शुभारंभ किया।

संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट ने कहा कि काफी लम्बे समय कोरोना महामारी के कारण ऐसा आयोजन हो रहा है और आमजन घरों के बाहर निकले है, इसलिये इस महोत्सव को सफल बनाए। जिला कलेक्टर अरविन्द कुमार पोसवाल ने कहा कि ये महोत्सव मेवाड क्षेत्र की कला और संस्कृति की नायाब पहचान है, जिसमें यहां की सांस्कृतिक विरासत, इतिहास, दर्शन, कला आदि की झलक दिखाई देती है। फिर राजस्थानी विद्या पर आधारित लाल अंगी गैर, सेहरिया नृत्य, कालबेलिया नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी, तो अफसरों व पर्यटकों ने तालियों की गडगडाहट के साथ उत्साहवर्द्धन किया।



कुंभलगढ़ महोत्सव में कलाकारों ने कालबेलिया नृत्य की प्रस्तुतियां दी।

सुबह से ही क्षेत्रीय लोगों के साथ दुर्ग भ्रमण के लिए सैलानियों ने खूब आनंद उठाया। बारां से आए कलाकर दल ने चकरी नृत्य व सहरिया नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी, जिस पर सैलानियों ने भी उसके साथ डांस लिया। इसी तरह बाडमेर के कलाकारों द्वारा लाल गैर नृत्य, जयपुर से आए बहुरूपिए कलाकारों की प्रस्तुति भी बेहद रोमांचकारी रही, जबकि कालबेलिया नृत्य ने भी खूब वाहवाही लूटी।

- **मनमोहन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया**

कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों से पर्यटकों को इतना मंत्रमुग्ध कर दिया कि वे अपने आप को भी नृत्य करने से नहीं रोक पाए। पर्यटन विभाग तथा जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित कुंभलगढ फेस्टिवल दिनभर में दुर्ग परिसर में अलग-अलग नृत्य की प्रस्तुतियां लगातार देते हैं, जिसे देखने के लिए लोगों का काफी जमघट लगा रहा। इस अवसर पर कुंभलगढ उपखंड अधिकारी जयपालसिंह राठौड, प्रधान कमला दसाणा, जिपस दिनदयाल गिरी, आईआरएस अधिकारी मुकेश राठौड, एसीईओ जिप अनिल सनाढ्य, सहायक पर्यटन अधिकारी सुजीत जोशी, होटल एसोसिएशन अध्यक्ष जमनाशंकर, प्रेमसुख शर्मा, विकास अधिकारी भगवानसिंह कुंपावत सहित कई पर्यटक एवं क्षेत्रवासी मौजूद थे। संचालन कुबेरसिंह ने किया।

## बीकानेर में फिर चार कोरोना पॉजिटिव

**बीकानेर, (कासं)।** जिले में बुधवार सुबह कोरोना के चार नए पॉजिटिव केस मिलने के साथ ही एक्टिव मामले बीस तक पहुंच गए हैं। उधर, नोखा में तीसरा पॉजिटिव मिलने के साथ ही ये कस्बा धीरे-धीरे खतरे के निशान पर आ रहा है। बुधवार को पॉजिटिव मिले रोगियों में एक 14 साल का बालक भी है, जो कैलाशपुरी में रहता है। कोरोना के नोडल अधिकारी डॉ. बी.एल. मीणा ने बताया कि चार नए पॉजिटिव केस सामने आए हैं, इनमें एक बच्चा भी शामिल है। ये बच्चा कैलाशपुरी एरिया का रहने वाला है। अभी ये स्पष्ट नहीं हुआ है कि ये बालक सूरतगढ़ के एक स्कूल हॉस्टल में पढ़ता था। रिपोर्ट आने से पहले ही वो वापस सूरतगढ़ चला गया है।

डॉ. मीणा ने बताया कि इस बारे में श्रीगंगानगर सीएमएचओ को सूचना दी जा रही है। इसके अलावा करमीसर में रहने वाली पचास वर्षीय महिला और हेड पोस्ट ऑफिस के पास रहने वाले 29 वर्षीय युवक को भी कोरोना हो गया है। नोखा में नया केस वार्ड संख्या तीन से है, यहां भी 29 वर्षीय युवक ही कोविड की चपेट में आया है। इसके साथ ही बीकानेर में कोविड पॉजिटिव रोगियों की संख्या बीस तक पहुंच गई है।

## भीलवाड़ा में 6 साल की स्कूली बच्ची पॉजिटिव

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के कंवलिया क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली छह साल की पहली कक्षा की छात्रा जांच में कोरोना संक्रमित मिली हैं। डिप्टी सी एम एच ओ डॉ घनश्याम चावला के अनुसार नाई का खेड़ा राजकीय प्राथमिक विद्यालय की इस छात्रा के पैर में कांटा लगने के बाद मंगलवार को महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पैर में माईनर ऑपरेशन होने के कारण डॉक्टरों ने छात्रा की कोरोना जांच करवाई। बुधवार दोपहर इसकी जांच रिपोर्ट में छात्रा पॉजीटिव पाई गई। छात्रा में कोरोना से संबंधित कोई भी लक्षण नही थे। लंबे समय के बाद कोरोना पॉजीटिव आते ही चिकित्सा प्रशासन में भी खलबली मच गई।


Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.JAIPUR

No.NIT/2021-22/16203-13 Date:01.12.2021

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 236/2021-22

निम्न लिखित परियोजना पर पथकर वसूली हेतु ई-टेन्डिरिंग प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है-

| कार्य का विवरण | आरक्षित राशि (रू.) |
| --- | --- |
| Collection of Toll Tax (from Commercial & Private Vehicles) on Pratapgarh-Mandsore Road for 90 days or till Start of Toll Collection by New Agency on urgent Temporary Basis. UBN No. RRC2122SLOB00436 | 90.95 Lakh |

ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अवधि दिनांक 29.11.2021 प्रात 09.00 बजे से 06.12.2021 सायं 06.00 बजे तक

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित संपूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://roads.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। महाप्रबंधक